हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–12 : जौनपुर, मंगलवार 30 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कैबिनेट बैठक में योगी सरकार ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले : 15 प्रस्ताव पास

लखनऊ ब्यूरो : मंगलवार को यूपी कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्ताव आये थे, जिसमें 15 पास हुए और एक स्थगित किया गया है। कैबिनेट बैठक के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल के सिपाही अब समूह घ नहीं बल्कि समूह ग के अंतर्गत भर्ती किए जाएंगे। भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता को बढ़ाकर इंटरमीडिएट कर दिया गया है। प्रवर्तन दल के सिपाहियों की भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग करेगा। इस व्यवस्था से सिपाहियों को प्रमोशन का लाभ मिल सकेगा, उनका वेतन भी बढ़ जाएगा। परिवहन विभाग में अब परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पाएंगे। सिमुलेटर पर टेस्ट देने के बाद ही परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाएंगे। एसजीपीजीआई कर्मचारियों को सातवें वेतनमान से जुड़े सभी भत्ते का भुगतान किया जाएगा। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे करीब 18 सौ कर्मचारियों को फायदा होगा।एसजीपीजीआई में सातवां वेतनमान लागू होने के बाद भी कई भत्ते नहीं दिए जा रहे थे। पेशेंट केयर भत्ता, वर्दी भत्ता सहित अन्य भत्तों की मांग को लेकर एसजीपीजीआई के कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे थे। एसजीपीजीआई प्रशासन ने पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इसके बाद भी कर्मचारी अनशन शुरू कर दिए थे। कैबिनेट की बैठक में विभिन्न भत्तों के भुगतान से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। एसजीपीजीआई कर्मचारी संघ के सचिव धर्मेश कुमार ने कहा कि शासन के इस कदम



से कर्मचारियों का उत्साह बढ़ेगा। कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि 62 जिलों में 2100 नलकूप लगाएं जाएंगे। सीमांत और लघु किसानों को लाभ होगा। एक नलकूप 50 हेक्टेयर खेत की सिंचाई कर सकेगा। एक लाख पांच हजार कृषि भूमि की सिंचाई क्षमता बढ़ेगी। 2024 तक योजना पूरी होगी। 921 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दो लाख सरसों तोरिया के किट का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। कमजोर मानसून से दो लाख हेक्टेयर खेत खाली हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में पंजीकृत किसानों को इस किट का वितरण होगा। एक किसान को आठ हजार रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा। सुरेश खन्ना ने बताया कि वाहन चेकिंग व्यवस्था को पीपीपी मॉडल पर स्वचालित परीक्षण स्टेशन बनाये जाएंगे।

## काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर बांके बिहारी मंदिर में भीड़ नियंत्रण : पूर्व डीजीपी ने जाना क्राउड मैनेजमेंट

वाराणसी ब्यूरो : मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने में काशी विश्वनाथ धाम के क्राउड मैनेजमेंट का फार्मूला अपनाया जाएगा। बांके बिहारी मंदिर में भगदड़ से हुए हादसे की जांच कर रही समिति के अध्यक्ष यूपी के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, गृह सचिव एमपी मिश्रा के साथ सोमवार को क्राउड मैनेजमेंट जानने के लिए काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। इसके पहले पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने सावन में विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही पूजन–अर्चन के बारे में भी जानकारी ली। सावन में इस बार एक करोड़ से अधिक लोगों ने काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर बाबा का दर्शन किया। ऐसे में मंदिर में व्यवस्था के साथ ही सड़क पर भी यातायात व्यवस्था सामान्य रही। काशी आ रहे देश भर के अधिकारी कमिश्नरेट



पुलिस की ओर से किए गए क्राउड मैनेजमेंट के बारे में जानने के लिए अब देशभर के अधिकारी काशी आ रहे हैं। पिछले दिनों महाराष्ट्र के सोलापुर की टीम ने वाराणसी का दौरा कर क्राउड मैनेजमेंट के बारे में जानकारी ली थी। सोमवार को काशी आए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह को पुलिस कमिश्नर ने अलग–अलग मार्गों से आने वाले यात्रियों, सामान्य दर्शनार्थियों के साथ ही कांवरियों के जल चढ़ाने आदि की व्यवस्था के बारे में प्रेजेंटेशन कर विस्तार से बताया।

## बाराबंकी के नगर कोतवाली क्षेत्र में डीजल डालकर दंपती चौकीदार को जिंदा जलाने का प्रयास : हालत गंभीर

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी में नगर कोतवाली क्षेत्र में सफेदाबाद स्थित एक अविकसित कॉलोनी के चौकीदार दंपती को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। झुलसे दंपती का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। वहीं पुलिस ने भाई की तहरीर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट अज्ञात पर दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली नगर के सफेदाबाद में गुलमोहर नाम की एक अविकसित कॉलोनी है। इस कॉलोनी में रामसनेहीघाट कोतवाली के चौरी अलादासपुर निवासी शेषनाथ (50) अपनी पत्नी शिव देवी और बच्चों के साथ रहकर चौकीदारी करता है। सोमवार की रात यहां पहुंच एक अज्ञात व्यक्ति ने यहां पहुंच कर दंपती पर डीजल उड़ेल आग लगा दी। शोर मचाने पर जागे बच्चों ने आग बुझाने के साथ पुलिस और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद हड़कंप मच गया। आनन–फानन में झुलसे दंपती को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से उनकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर




लखनऊ रेफर कर दिया गया। सीओ सिटी ने बताया कि चौकीदार को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया था पत्नी उसको बचाने में झुलस गई है भाई राजेश शुक्ला की तहरीर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट का अज्ञात पर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। इस कॉलोनी के मालिक फैजान और कलाम के बीच पहले से चल रहे विवाद को लेकर भी जांच की जा रही है।

## बाढ़ के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्रो में आवश्यक दवाईया व छिड़काव का प्रबन्ध कराये सुनिश्चत

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो के साथ जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओ के प्रगति की जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान कोविड टीकाकरण में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। प्रतिदिन के प्रिकाशन डोज के लिये जो लक्ष्य दिया गया हैं, लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कार्ययोजना बनाकर कोविड प्रिकाशन डोज का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने में प्रगति लाने को कहा। उन्होने कहा कि इन योजनाओ में कम प्रगति लाने वाले एम0ओ0आई0सी0 से स्पष्टिकरण मांगने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एम0ओ0आई0सी0 सहित मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में पानी का जल स्तर घटने के बाद प्रभावित ग्रामो में पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवाओ का छिड़काव एवं संक्रामक बीमारियो के रोकथाम हेतु प्रत्येक पी0एच0सी0 स्तर पर पर्याप्त मात्रा में जीवनोपयोगी दवाईयो की उपलब्धतता सुनिश्चित किया जाय तथा बाढ़ वाले क्षेत्रो में चिकित्सको टीम भेजकर प्रभावित के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाए। समीक्षा के दौरान ए0एन0सी0 पंजीकरण के कम प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुये समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियो को निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओ का चिन्हीकरण करते हुये ए0एन0सी0 पंजीकरण की प्रगति बढ़ायी जाय। यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ए0एन0सी0 में सभी गर्भवती महिलाओ का हीमोग्लोबिन की जॉच की जाय तथा उच्च जोखित गर्भवती महिलाओ की सभी जॉचे ब्लाक स्तरीय ईकाई अथवा जिला चिकित्सालय में कराना सुनिश्चित करें। नवजात बच्चो के वजन, स्तनपान एवं 25 किलोग्राम से कम वजन की रिपोर्टिंग की समीक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि एच0एम0आई0एस0 पोर्टल पर नवजात बच्चो के वजन की फीडिंग कराई जाय। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि समस्त अधीक्षकध्प्रभारी चिकित्साधिकारियो को निर्देशित किया गया की अपने रिपोर्ट को स्वयं जॉच कर प्रस्तुत करें। आर0सी0एच0 पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पंजीकरण एवं अपडेशन शत



प्रतिशत करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें अन्यथा खराब कार्य करने वाले कम्प्यूटर आपरेटरो के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रम, एन0आर0सी0, एल0बी0एस0यू0, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियो को निर्देशित किया गया कि आर0बी0एस0के0 टीमो द्वारा ससमय स्कूल व ऑगनबाड़ी केन्द्रो का भ्रमण सुनिश्चित कराये तथा लम्बित बच्चो का उपचार सुनिश्चित कराया जाय। बैठक में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, क्षय नियंत्रण, वेक्टर जनित रोग, इमरजेंसी मेडिकल ट्रासपोर्ट, एम्बुलेंस 108 व 102 की समीक्षा की गयी तथा प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने स्तर से सभी ए0एन0एम0 एवं आशाओ को निर्देशित करे कि यदि उनके क्षेत्र में कोई संक्रामक रोग या अन्य घटना होती है वे सर्वप्रथम सम्बन्धित ब्लाक के अधीक्षक, चिकित्साधिकारी को सूचना उपलब्ध कराए तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी सूचना प्राप्त होने के तत्काल उपचार/निरोधात्मक कार्यवाही करते हुये जनपद मुख्यालय को भी अवगत कराया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, मुख्य चिकित्साधिकारी लक्ष्मी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य कर ली जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों को डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने दिया जाए। आईजीआरएस के निस्तारण के लिए समस्त अधिकारी स्वयं प्रतिदिन इसकी निगरानी करें और देखें कि आईजीआरएस पर किस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं और उसका निस्तारण समय से और गुणवत्तापूर्ण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि आइजीआरएस पर किसी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रहने दे अन्यथा उनका स्पष्टीकरण एवं वेतन बाधित के साथ विभागीय कार्यवाही भी की जायेगी।

## सनसनीखेज वारदात से दहला मेरठः पीएनबी बैंक के मैनेजर की गर्भवती पत्नी और बेटे की हत्या कर बेड में बंद किए शव

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। बिजनौर के जलीलपुर कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर संदीप कुमार के हस्तिनापुर के रामलीला ग्राउंड स्थित घर में डकैती के बाद बदमाशों ने उनकी आठ माह की गर्भवती पत्नी शिखा (25) और बेटे रूकांश (5) की हत्या कर शव बेड में बंद कर दिए। शाम 7:00 बजे संदीप कुमार बैंक से घर लौटे तो उन्हें घर के बाहर ताला लगा मिला। कुछ देर तलाश के बाद भी शिखा और रूकांश के नहीं मिलने पर वह गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंच गए। लौटने के बाद उन्होंने परिवार के अन्य लोगों के साथ घर का ताला तोड़ा तो अंदर सामान बिखरा हुआ था। एक कमरे के बेड के अंदर शिखा और दूसरे कमरे के बेड के अंदर रूकांश का शव था। बदमाशों ने दोनों के हाथ बांध दिए थे और मुंह में कपड़ा ठूंस रखा था। पुलिस का अनुमान है कि वारदात दिन में अंजाम दी गई है। सूचना पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण और एसपी देहात केशव कुमार मौके पर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि घर से ज्वेलरी और नगदी गायब है। शिखा के परिवार के कुछ लोग मेरठ के शास्त्री नगर में रहते हैं।



वे देर रात हस्तिनापुर पहुंचे। एसएसपी रोहित सजवाण सिंह का कहना है कि बैंक मैनेजर ने थाने में पत्नी और बेटे के गुम होने की बात बताई थी। बाद में परिवार के लोगों ने ही ताला तोड़ा। मामले की तफ्तीश की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश बनी गुड़िया निगम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने गुड़िया निगम को प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी। हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी। मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सुरेश चंद्र अवस्थी जी एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज संरक्षक मार्गदर्शक



राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू हृदय सम्राट यति नरसिंहानंद सरस्वती जी महाराज राष्ट्रीय महासचिव ऋचा वशिष्ठ राष्ट्रीय अनुशासन प्रभारी श्यामानंद जी राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ हिंदू पंडित हृदेश शर्मा प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुशासन समिति स्वामी नित्यानंद जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ 1008 श्री श्री सोभा नंद गिरि जी महाराज राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्री अंतर्राष्ट्रीय संत राजेश्वर गिरी जी महाराज राष्ट्रीय युवा वाहिनी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बृजेश शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक गौ प्रकोष्ठ संरक्षक उत्तर प्रदेश सौरभ महाराज जी संरक्षक हुंकार दास जी महाराज प्रमुख धर्माचार्य बालक दास जी महाराज पातालपुरी पीठाधीश्वर अनूप कुमार पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव साध्वी अंजलि पंडित प्रदेश अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ हिमाचल प्रदेश , उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के सचिव वत्सला मिश्रा, पीसी मिश्रा राष्ट्रीय सचिव अनुशासन समिति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुवेंद्र प्रताप सिंह ने बधाई दी है।

## जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सरकारी बैंको द्वारा रोजगार एवं लोन मेला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय एवं सरकारी बैंको द्वारा रोजगार एवं लोन मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियॉ ब्राईटफ्यूचर आग्रेनिक हर्बल्स एवं आयुर्वेद प्रा0लि0, जौनपुर, बुशा मेनेजमेंट, मार्केटिंग, पुखराज हेल्थ केयर, शिवशक्ति बायोटेक्नालॉली, ग्रोवफार्स्ट प्रा0लि0, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं बैंक आदि शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 173 रहीं, निजी नियोजकों के द्वारा कुल 58 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा रोजगार प्राप्त चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान किये जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा प्रत्येक सप्ताह 'रोजगार मेला' का आयोजन किया जाता रहेगा। रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, रामसिंह मौर्य, जीशान अली, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, श्रीमती हसन फात्मा, चन्द्रशेखर प्रताप आदि उपस्थित रहें।

## 17 सितम्बर 2022 को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

जौनपुर सू.वि. : माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में धारा 36 आर्बिट्रेशन एण्ड कान्सीलिएशन एक्ट, 1996 से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों का 17 सितम्बर 2022 को आयोजित विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराये जाने हेतु किया जायेगा। इसमें वादकारीगण न्यायालय में आकर आर्बिट्रेशन एण्ड कान्सीलिएशन एक्ट के अन्तर्गत निष्पादन वादों को सुलह–समझौतें के आधार पर निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
श्रेष्ठता जन्म से नहीं, गुणों से होती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## धूमधाम से मनाया गया खेल दिवस : स्टेडियम में खिलाड़ियों की ऐतिहासिक भीड़

जौनपुर सू.वि. : जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वाधान में 29 अगस्त, 2022 को स्व0 मेजर ध्यानचन्द जी विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी के जन्म दिवस को ''खेल दिवस'' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर के खेल मैदान पर किया गया। उक्त के अतिरिक्त 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिता (60मी0, 100मी0, 200मी0 एवं 400मी0 रेस) का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया, पुष्प अर्पण के बाद धूप प्रज्जवलन भी किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री सुनील कुमार यादव, ब्लाक प्रमुख करंजकला प्रतिनिधि द्वारा रेस के खिलाड़ियों को क्लैपर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत बैज लगाकर श्री रविचन्द्र यादव, सचिव, जिला कबड्डी संघ जौनपुर एवं डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी एवं श्री राकेश यादव, संयुक्त सचिव, जिला कबड्डी संघ जौनपुर द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि को बुके प्रदान किया गया। हॉकी प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं शिवबरन शिक्षण संस्थान ''ए'' के मध्य खेला गया जिसमें अभय विश्वकर्मा द्वारा पहले ही हॉफ में 1–0 से स्कोर से बढ़त बनाकर जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय को विजेता बनाया। दूसरा मैच मु0 हसन इण्टर कालेज एवं इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें सचिन ने 1–0 से स्कोर कर इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम को विजेता बनाया। तीसरा मैच माँ दुर्गा जी विद्यालय एवं शिवबरन शिक्षण संस्थान ''बी'' के मध्य था। जिसमें शिवबरन शिक्षण संस्थान ''बी'' को वाक ओवर मिला। पहला सेमीफाइनल इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम ''बी'' एवं शिवबरन शिक्षण संस्थान ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम 2–1 से जीत दर्ज किया। दूसरा सेमीफाइनल इन्दिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं जयकरन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम 1–0 से विजेता हुई। फाइनल मैच इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम ''ए'' एवं ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें राज विश्वकर्मा ने पहले हॉफ में 01 गोल कर बढ़त बनायी एवं दूसरे हॉफ में हरिशंकर ने 01 गोल पुनः कर अंतिम समय तक बढ़त बनाते हुए अपनी टीम को विजयी बनाया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के बालक वर्ग– 60 मी0 रेस में आयुष राव, आदिदेव यादव एवं विकास कुमार गुप्ता 100मी0 रेस में आयुष राव, सचिन सरोज एवं अरशद खान 200मी0 रेस में नीरज यादव, सचिन एवं शुभम तथा 400 मी0 रेस में सत्य प्रताप यादव, शनि चौहान एवं शैलेष गौतम क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग– 60 मी0 रेस में नैन्सी यादव, शिवांगी यादव एवं दिव्यानी 100मी0 रेस में नैन्सी यादव, आरती चौहान एवं शालिनी मौर्या 200 मी0 रेस में आयुषी यादव, शालिनी मौर्या एवं अन्जू यादव तथा 400 मी0 रेस में आयुषी यादव, अंशिका यादव तथा सुहानी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। हॉकी प्रतियोगिता के विजेता–उप विजेता खिलाड़ियों एवं निर्णायकों को डॉ0 अमित कुमार सिंह, चिकित्साधिकारी ने पुरस्कृत किया। इन प्रतियोगिताओं के साथ ही नेहरू युवा केन्द्र खेल विभाग के सहयोग से एक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें स्टेडियम ''ए'' व स्टेडियम ''बी'' की टीम फाइनल में पहुँची। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ''ए'' ने स्ट्रेडियम ''बी'' को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। विजेता एवं उप विजेता टीमों को क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव जिला कबड्डी संघ, जौनपुर ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता की सबसे विशेष बात यह रही कि काफी संख्या में बालक/बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। अब तक के प्रतिभागियों की तुलना में इस वर्ष भी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज का तीसरा स्थापना दिवस समारोह संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब जौनपुर क्षितिज का तीसरा स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर लायन क्षितिज के सदस्यो द्वारा वृहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम लायन कौशल त्रिपाठी जी के घर पर व अगल बगल किया गया कुल 100 वृक्ष लगाये गये। स्थापना दिवस की पूर्व सन्ध्या पर स्थापना महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता लायन विष्णू सहाय द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू, पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह अध्यक्ष विष्णु सहाय, सचिव देव आनन्द, कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर व अन्य मंचासीन लोगों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। लायनेस रिन्की श्रीवास्तव द्वारा ध्वज वंदना की गई। इसके बाद लायन लेडी सीमा सहाय ,शिल्की श्रीवास्तव, डॉ प्रिया, वन्सिका मौर्या ,निशा कन्नौजीया व रिन्की श्रीवास्तव ने विभिन्न तरह के बच्चो और बडो के गेम कराए। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा सभी चार्टर सदस्यों का अंगवस्त्रम व माला पहनाकर तथा लायंस पिन लगाकर तथा गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने संस्था की स्थापना कैसे हुई इस सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष लायन दिलीप सिंह ने संस्था से सम्बंधित अपने खट्टे मीठे अनुभवों को सदस्यों से साझा किया गया तथा सभी लायन व लॉयनेस सदस्यों से नए अध्यक्ष को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिलाया जिससे संस्था अपने सेवा कार्यों से मण्डल में सर्वोच्च




स्थान प्राप्त कर सके। अन्त में कार्यक्रम संयोजक लायन डॉ प्रिया सिंह और लायन अध्यक्ष विष्णु सहाय ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का शानदार संचालन लायन लेडी मेघना रस्तोगी द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष लायन अजीत सोनकर द्वारा सदस्यों को गुड पे अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए सीमा सहाय व शिल्की श्रीवास्तव द्वारा गेम, क्विज आदि का प्रयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपना सहयोग दिया। इस आयोजन में अतुल सिंह, सर्वेश जायसवाल, प्रदीप सिंह, सुनील जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, नीरज कुमार सिंह, संजय गुप्ता, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ चंदन नाथ गुप्ता, हाफिज शाह,जगदीश चंद्र मौर्य 'गप्पू', शिवेंद्र सेठ, विनय बरोतिया, राजीव गुप्ता , जगरनाथ मोदनवाल, सुनील कनौजिया, देवेंद्र सिंह पिंकू, कौशल त्रिपाठी, आशीष सिंह ,मनीष मौर्य, अतुल चतुर्वेदी, दीपक साहू, दिलीप जायसवाल ,नीरज श्रीवास्तव ,डॉ विकास ,अशीष चौरसिया, राजेश किशोर ,रत्नेश जी, सरिता मिगलानी, पूनम जयसवाल ,ज्योति गुप्ता सहित तमाम लायन साथियों ने अपना सहयोग दिया।

## कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न

मुंबई मलाड– ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : साहित्य संगम संस्था द्वारा आर के कालेज मलाड (पूर्व) में कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम के प्रमुख सम्मान मूर्ति महाराष्ट्र हिन्दी साहित्य अकादमी के वर्तमान अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्रीमान् अभिलाष अवस्थी जी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर राधेश्याम तिवारी ने की व मंच संचालन संस्था के अध्यक्ष कवि व पूर्व प्रधानाध्यापक राम सिंह ने किया । प्रमुख अतिथि के तौर पर विद्युत ध्वनि के संपादक व पत्रकारिता मिशन संस्था के अध्यक्ष राकेशमणि तिवारी , प्रधानाध्यापक एन एल विद्यालय मिथिलेश मिश्र, लालचंद तिवारी, पत्रकार ओमप्रकाश मिश्र तथा पत्रकार जितेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे । काव्यपाठ एल बी सिंह नादान, जवाहर लाल निर्झर, डॉक्टर वर्षा सिंह, रोशनी किरण, रासबिहारी पाण्डेय, दिनेश बैसवारी, जाकिर हुसैन रहबर, कल्पेश यादव, आनंद पाण्डेय, श्रीराम शर्मा , राम व्यास उपाध्याय,




हरिश्चंद्र सिंह, अनिल त्रिपाठी कड़क, अमरनाथ गौड़, अजय शुक्ल बनारसी , सुदाम कटारे तथा जेपी सिंह ने किया । जहाँ अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में ऐसे कार्यक्रमों पर जोर देने की बात डाक्टर तिवारी ने कही वहीं साहित्यकारों के साथ – साथ संस्थाओं को सम्मानित किये जाने की अकादमी में पहल करने की बात श्री अवस्थी ने की । कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सहयोगी आर के सर , उमाशंकर गुप्ता एवं प्रो0 जेपी सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान 01 अगस्त, 2022 से है प्रारम्भ

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ हैं। जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/राजकीय विभाग/अर्द्धशासकीय संस्थाओं/बैंक/पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा 01 अगस्त 2022 से घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6बी में आधार नम्बर एकत्रीकरण की कार्यवाही की जा रही है। मतदाताओं द्वारा स्वयं भी NVSP, Voter PORTAL],& VHA (VOTER HELP LINE APP) इत्यादि के माध्यम से आनलाइन फार्म–6बी भरे जाने की सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई है। शत प्रतिशत स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण हेतु 04 सितम्बर 2022 (रविवार) एवं 25 सितम्बर 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जायेगा। अतः आप सभी से अपील है कि स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने हेतु निर्धारित फार्म–6बी में अपना आधार नम्बर एवं पहचान पत्र नम्बर भरकर अपने बूथ लेविल आफिसर/तहसील पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों पर प्राप्त कराये या स्वयं आनलाईन के माध्यम से करते हुए शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## खेल दिवस के रूप में मनाया गया मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर, जौनपुर के प्रांगण में 29/08/2022 को प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू एवं प्राचार्य बी के निर्मल के संरक्षकत्व में मेजर ध्यानचंद का जन्म दिन खेल



दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, छात्रों एवं छात्राओं, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने भाग लिया । छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ रमेश चंद्र सिंह ने खेल के गूढ़ रहस्य को बताया तथा बच्चों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों को बताकर उनसे सीख लेने की अपील की। इसी क्रम में डॉ लालमणि प्रजापति ने खेल द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में बताया । कार्यक्रम का संचालन श्री जितेंद्र सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह बिसेन ने किया इस अवसर पर डॉ नीलमणि सिंह, डॉ पंकज सिंह, विष्णु कांत त्रिपाठी, सत्य प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जेसीआई जौनपुर के जेसी सप्ताह चेयरमैन बने दिलीप सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के द्वारा आयोजित कार्यकारिणी सभा की बैठक में 9 सितम्बर से 15 सितम्बर तक मनाये जाने वाले जेसीआई सप्ताह के लिये सर्वसम्मति से पूर्व अध्यक्ष और संस्था के पदाधिकारियों के मध्य संस्था



के उपाध्यक्ष दिलीप सिंह को जेसी सप्ताह का चेयरमैन नियुक्त किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि इस जेसीआई वीक में संस्था विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करती है। मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सेठ ने कहा कि इस बार भी पॉलिथीन का विरोध, ब्लड डोनेशन इत्यादि विभिन्न प्रकार के कार्य किये जायेंगे। पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ व राकेश जायसवाल ने इस सप्ताह के कार्यक्रमों की सफलता के लिये शुभकामनायें दी। इसके पश्चात् संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के साथ सभी पदाधिकारियों ने माला पहनाकर सप्ताह चेयरमैन को बधाई दी। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, आकाश केसरवानी, रमेश श्रीवास्तव, हाफिज शाह, अजय गुप्ता, अतुल जायसवाल, दिलीप जायसवाल, प्रदीप सिंह, रंजीत सिंह सोनू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया। आभार नीरज श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी जन सुनवाई के लिए पहुंचे जौनपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी आज नगर में स्थित जावेद सुल्तान के आवास पर पहुंचे और जन सुनवाई करते हुए जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। प्रेसवार्ता में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि मेरे पास जौनपुर नगर क्षेत्र



से बहुत ज्यादा शिकायते आ रही थी जिसके कारण मुझे यहा खासतौर पर आना पड़ा और पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि कोई किसी का भी आदमी हो चाहे जितना रसूखदार क्यूं न हो अगर कोई भी वक्फ की संपत्तियों के साथ हेर फेर करेगा तो उसकी जांच होंगी और जांच होने के बाद वक्फ एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही होगी। बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि वक्फ की संपत्ति न तो खरीदी जा सकती है और न ही बेची जा सकती है और कोई व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ भी वक्फ एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही होगी। प्रेसवार्ता के बाद वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने आए हुए सभी लोगो की जनसुनवाई की और उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम में मिर्जा जावेद सुल्तान मिर्जा रुशेद नजमुल हसन नजमी मौलाना सफदर जैदी आजमी आब्दी हैदर मेंहदी बाबू मिर्जा फैजी मुगल अली रजा हुमायू पत्रकार तामीर हसन शीबू अहमद हसन मोनू साहिल आब्दी नवाज मिर्जा मिर्जा मोहम्मद रजा अहसन रिजवी नज्मी अनवार आब्दी पत्रकार इशरत हुसैन इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा : जताया पीएम–सीएम का आभार

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मंगलवार सुबह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। प्रदेश सरकार में भूपेंद्र चौधरी पंचायती राज मंत्री थे। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत है इसलिए चौधरी को इस्तीफा देना पड़ा है। चौधरी से मिलने के लिए कई मंत्री और विधायक भाजपा कार्यालय पहुंचे। भूपेंद्र चौधरी ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व के सम्यक निर्वहन के लिए मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया। उन्होंने अपने प्रथम तथा द्वितीय कार्यकाल में क्रमशः राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कैबिनेट मंत्री, के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा का अवसर प्रदान करने तथा समय– समय पर दिए गए निर्देशों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने अनेक अवसरों पर प्रेरणादाई मार्गदर्शन व आशीर्वचन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार जताया है। गौरतलब है कि भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा था कि सरकार और संगठन के बीच समन्वय का कोई विवाद नहीं है। संगठन ने सरकार



बनाई है और सरकार संगठन के एजेंडे पर ही चल रही है। चौधरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के 14वें प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यकर्ताओं को आगामी नगरीय निकाय और लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत सीटें जिताने का संकल्प दिलाया। कहा, कार्यकर्ताओं के एजेंडे के आधार पर ही सबकुछ होगा।

## अवैध पार्किंग के खेल पर लगेगी लगाम : बड़े शहरों में पार्किंग के लिए एक समान होंगे नियम और शुल्क

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश के बड़े शहरों में नगर निकाय अधिकारियों और ठेकेदारों की जुगलबंदी से चल रहे अवैध पार्किंग का खेल बंद किया जाएगा। नगर निगम वाले सभी 17 बड़े शहरों में पार्किंग को व्यवस्थित करने और एक समान शुल्क वसूली के लिए प्रस्तावित नियमावली लागू करने की तैयारी है। नगर विकास विभाग इस नियमावली का परीक्षण कर रहा है। इसके लागू होने से अवैध पार्किंग का धंधा बंद होगा और लोगों से अनाप–शनाप शुल्क की वसूली पर भी रोक लगेगी। दरअसल सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग का खेल चलता है। जहां अक्सर जाम लगते हैं, वहां निकाय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार अवैध पार्किंग बनाकर 10 से 30 रुपये तक की शुल्क की वसूली करते हैं। वहीं कई स्थानों पर नगर निकाय के संबंधित अधिकारी ही पार्किंग बनाकर वसूली शुरू कर देते हैं तो कई स्थानों पर दबंग अवैध पार्किंग बनाकर वाहनों को खड़ा कराने लगते हैं। इससे कई बार मारपीट जैसी स्थिति भी बन जाती है और बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग कराने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इन स्थितियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरों की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ ही वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित करने और एक समान शुल्क निर्धारित करने का निर्देश दे रखा है। इसी कड़ी में उप्र नगर पालिका वित्तीय संसाधन बोर्ड ने सरकार को पार्किंग के लिए एक समान



नियम व शुल्क तय करते हुए उप्र नगर निगम (पार्किंग स्थलों का निर्माण, संधारण एवं संचालन) नियमावली को लागू करने का सुझाव दिया है। पर, यह अब तक लागू नहीं हो सकी है। जल्द ही नियमावली को मुख्यमंत्री से मंजूरी दिलाकर लागू किया जाएगा। पार्किंग स्थलों पर देनी होंगी ये सुविधाएं सीसीटीवी, इनवर्टर, जनरेटर, शौचालय, पिंक शौचालय, सुरक्षा गार्ड और फायर फाइटिंग की व्यवस्था। दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए तय शुल्क का घंटेवार सूचना का बोर्ड लगाना होगा। संबंधित ठेकेदार के अलावा वहां कार्यरत कर्मियों के नाम व मोबाइल नंबर लिखा बोर्ड लगाना होगा। नियमावली में ये प्रावधान भी पार्किंग स्थल पर काम करने वाले कर्मियों का पुलिस द्वारा सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। हर तीन महीने पर ठेके की शर्त की समीक्षा होगी। गड़बड़ी पर ठेका निरस्त किया जाएगा।

### भाजपा विधायक विपिन सिंह ने बड़े भाई पर ताना रिवाल्वर : बड़े भाई ने लगाया आरोप : कहा 30 तक घर खाली करने की दी है धमकी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : ग्रामीण विधानसभा से भाजपा विधायक विपिन सिंह ने अपने बड़े भाई डॉ. कौशल किशोर सिंह पर रिवाल्वर तान दिया। कौशल किशोर ने विधायक विपिन सिंह पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने 30 अगस्त तक घर छोडकर चले जाने का अल्टीमेटम दिया है। दोनों भाइयों में 26 अगस्त से प्रापर्टी का विवाद चल रहा है। कहा जा रहा है कि रविवार शाम दोनों भाइयो में फिर से विवाद हो गया। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, वीडियो में विधायक रिवाल्वर ताने नहीं दिख रहे हैं। बल्कि दोनों पक्षों में बहस हो रही है। रविवार शाम विधायक विपिन सिंह और उनके भाई डॉ. कौशल किशोर के परिवार के सदस्यों के बीच वाद–विवाद हो गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करने से इंकार कर दिया है। डॉ. कौशल किशोर ने भाजपा विधायक विपिन सिंह के खिलाफ कैंट पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि 4 दिनों से पुलिस मामले को मैनेज करने में विधायक के घर पहुंच रही है। उधर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि पुलिस को इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। विधायक के बड़े भाई डॉ. कौशल किशोर का कहना है कि पुलिस ने मामले में केस दर्ज करने से इंकार किया है। डॉ. कौशल किशोर सिंह ने बताया कि विधायक विपिन सिंह और मेरा परिवार कैंट इलाके के दाउदपुर में एक साथ एक ही मकान में रहता है। कुछ प्रॉपर्टी पिता अंबिका सिंह के नाम है, जबकि कुछ प्रॉपर्टी मां के नाम पर है। विधायक विपिन सिंह मां से पूरी प्रॉपर्टी अपने



नाम कराना चाहते हैं। इसे लेकर परिवार में काफी दिनों से विवाद चल रहा है। डॉ. कौशल किशोर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके छोटे भाई विपिन सिंह, प्रॉपर्टी को लेकर बड़े भाई से दुश्मनी रखते हैं। उधर विधायक के पीआरओ प्रभाशंकर त्रिपाठी ने 'तूफान पत्रिका' को बताया कि मामला पूरी तरह बेबुनियाद है। विधायक की ओर से भी पुलिस को जरूरी जानकारी दी गई है, साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है। बड़े भाई के सभी आरोप पूरी तरह गलत हैं। विधायक को बदनाम करने की साजिश है। रिवाल्वर तानने की बात पूरी तरह झूठी है। बता दें कि कई दिनों से चल रहे विवाद में डॉ. कौशल किशोर ने डॉयल 112 पर भी सूचना दी थी। बहरहाल, मामला हाईप्रोफाइल होने से पुलिस किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने से हिचक रही है।

## छह दिन में 4060 ड्रग माफिया गिरफ्तार : दो करोड़ रुपये से ज्यादा का नशा बरामद

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में चलाए जा रहे ड्रग माफिया के खिलाफ विशेष अभियान में बीते 6 दिनों में 3951 मुकदमे दर्ज कर 4060 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 8.80 करोड़ के मादक पदार्थ व सवा दो करोड़ रुपये की अवैध शराब बरामद की गई है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों के माफिया और अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ 24 अगस्त से प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 माफिया के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। साथ ही 14.79 करोड़ की अवैध संपत्ति भी जब्त की गई है। यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।

# जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण कर परिसर में साफ–सफाई के स्थिति का लिया जायजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कंपोजिट विद्यालय सहादतगंज (द्वितीय), अमर शहीद दिलीप सिंह कंपोजिट विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय अबुसराय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के शैक्षिक स्तर को जानने के साथ साथ परिसर में साफ–सफाई, भवनों की रंगाई–पुताई व स्थिति का जायजा लिया। वही इसी कड़ी में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कंपोजिट विद्यालय सहादतगंज का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा 8 तक पंजीकृत कुल 125 बच्चों के सापेक्ष 53 बच्चे उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से बच्चों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 3 अध्यापक/अध्यापिकाएं उपस्थित/शिक्षण कार्य करते हुए पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा 5 की छात्राओं यथा– काजल यादव, साक्षी, स्वाति, प्रियंका, समरीन सलमानी आदि, कक्षा चार की छात्रा अर्पिता, कक्षा आठ की छात्रा कुमकुम सहित विभिन्न कक्षाओं के बच्चों से उनकी कक्षा की हिंदी, सामाजिक विषय, अंग्रेजी आदि की पुस्तकों के पाठों को पढ़वा कर तथा पहाड़ा व गणित के सवालों को ब्लैक बोर्ड पर लगवा कर उनके शैक्षिक स्तर एवं विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को परखा गया। इस दौरान कक्षा 5 की तीन छात्राओं काजल यादव, प्रियंका व समरीन सलमानी द्वारा सभी विषयों के पाठों को बेहतर ढंग से पढ़े जाने, पहाड़ा सुनाने, गणित के सवालों को सही ढंग से हल किए जाने व इनका शैक्षिक स्तर कक्षा के शैक्षिक स्तर के अनुरूप पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तीनों छात्राओं को ज्योमिट्री बॉक्स, पेंसिल, कटर, आर्ट की कॉपी, पेंसिल/स्केज कलर आदि की किट प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया तथा सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने व खूब मेहनत कर पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने शिक्षकों को समस्त कक्षाओं के बच्चों को शैक्षिक स्तर के अनुरूप विभाजित कर उनके शैक्षिक स्तर के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु बीएसए को निर्देशित किया। तदोपरांत जिलाधिकारी ने अमर शहीद दिलीप सिंह कंपोजिट विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय अबू सराय का निरीक्षण किया। यहां पर भी जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से पुस्तकों को पढ़वाकर व गणित के सवालों को लगवा कर शिक्षा की गुणवत्ता को जांचा एवं परखा गया। तथा अध्यापकों को और मेहनत कर बच्चों को बेहतर योग्यता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बच्चों को उनके शैक्षिक स्तर की शिक्षा प्रदान करते हुए उन्हें उनकी कक्षा के शैक्षिक स्तर के अनुरूप लाया जाए। बच्चों को खेलकूद के साथ–साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं भी कराई जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयो के संपूर्ण परिसर को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त परिषदीय विद्यालयों में मेन्यू व रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिड डे मील उपलब्ध कराना तथा बच्चों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त सभी विद्यालयों सहित नगर क्षेत्र के अन्य कई विद्यालयों के भवनों के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे गए है जो टेंडर प्रक्रिया में हैं। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होगी जिसके उपरांत उक्त विद्यालयों सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के जीर्णोद्धार का कार्य होगा। इस अवसर पर ट्रेनी आईएएस कृष्ण कुमार सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग द्वारा विकास खंड स्तरीय ग्रामीण बालक व बालिका खेल प्रतियोगिता का आयोजन कुचेरा बाजार स्थिति हजारी लाल इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हजारी लाल इण्टर कालेज के प्रबंधक प्रतिनिधि शैल कुमारी पटवा द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राहुल पाठक ने बताया कि लंबी कूद प्रतियोगिता में युवराज मिश्रा प्रथम व धीरज सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।कब्बड्डी बालक वर्ग में रनापुर ने प्रथम व कुचेरा बाजार ने द्वितीये स्थान प्राप्त किया।कबड्डी बालिका वर्ग में कुचेरा बाजार ने प्रथम व पलिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।वॉलीबॉल बालक वर्ग में कुचेरा बाजार की टीम ने प्रथम व पलिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।वॉलीबॉल बालिका वर्ग में आजाद इंटर कालेज पलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दो सौ मीटर रेस में युवराज मिश्रा,कुस्ती में अंशुमान सिंह,दीपक तिवारी,सतीश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।खेल प्रतियोगिता में विनय कुमार तिवारी(बिन्नू भैया),अनिल कुमार दुबे,शिक्षक मो वसीम खान,संजय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य कुचेरा बाजार मनोज कौशल,श्याम कुमार,राकेश कुमार मिश्रा,अर्पित पटवा,ओमेन्द्र यादव,मो हुसैन, बिरजेश मिश्रा,शादाब,सूरज सिंह समेत सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# नव भारतीय किसान संगठन अयोध्या ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) नव भारतीय किसान संगठन अयोध्या ने गांधी पार्क, सिविल लाइन मैदान ,में मासिक पंचायत का आयोजन जिलाध्यक्ष शिव शंकर मिश्र की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें जिले की प्रमुख समस्याओं का निराकरण न होने का आरोप लगाया गया तथा जिला प्रशासन को 8सूत्री ज्ञापन आपदाओं में गरीबों को लाभ न देना,सी डी ओ के पहले के बावजूद खंड विकास अधिकारियों द्वारा फर्जी जानवर पकड़ने के फोटो खिंचवाने का आरोप लगाया, किसानों का बैंकों द्वारा 4:के स्थान पर11–12:तक व्याज जबरन वसुलने का आरोप लगाया तथा कुछ किसान संगठन के द्वारा पैसा किसानों से लेकर धरना कर किसान संगठनों को बदनाम करने का आरोप लगाया शिव प्रसाद पांडेय ने ऐसे लोगों को आगाह किया कि किसानों के नाम पर दलाली बन्द कर दें अन्यथा ऐसे लोगों को सार्वजनिक रुप से बेनकाब किया जायेगा।आज की पंचायत में शिव प्रसाद पांडेय प्रदेश उपाध्यक्ष, शिव शंकर मिश्र जिला अध्यक्ष, चिंता मणि मिश्रा, रामानंद दूबे ,राम चन्द्र मौर्या, अरविंद यादव, सुनील तिवारी,श्याम नारायण पाण्डेय,कृपा शंकर तिवारी, श्याम बली, बाबू राम, रामजी, मंगला श्रीवास्तव,गीता यादव, शीला,रेखा,विमला, वीरेंद्र पांडेय,राधा, संजीत यादव, शिव प्रसाद पांडेय प्रदेश उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर उत्तर रेलवे ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।मालूम हो कि मेजर घ्यान चंद न केवल भारत अपितु पूरे विश्व में हॉकी के जादूगर के नाम से विख्यात हैं।इस वर्ष युवा एवम् खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को समस्त भारत में आयोजित करने का निर्णय लिया।इस वर्ष इसकी थीम है 'स्पोर्टस एज एन एनैवल फॉर एन इनक्लूसिव एण्ड फिट सोसाइटी' ।इस अवसर पर आज उत्ध्तर रेलवे प्रधान कार्यालय की टीम जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगल ने किया तथा दिल्ली मण्डल की टीम जिसका नेतृत्व डिम्पी गर्ग, मण्डल रेल प्रबन्धक, नई दिल्ली ने किया ने करनैल सिंह स्टेडियम, नई दिल्ली में वालीवाल, वाकथान, टग आफ वार एण्ड बाक्सिंग इत्थ्यादि इवेंट में बडे उत्साह एवम् जोश के साथ भाग लिया । इस अवसर पर राष्ट्र मण्डल खेल–2022 की कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता (62 किलोग्राम भार वर्ग) सुश्री साक्षी मलिक भी उपस्थित थीं । श्री आशुतोष गंगल, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे की टीम ओवर आल विजेता रही।

# भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष धीरज द्विवेदी की अध्यक्षता व जिला सचिव कॉम शेर बहादुर शेर के संचालन में हुई।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व विचारणीय विषय सदस्यता अभियान,इकाई का गठन व 15 सितम्बर को बेरोजगारी के खिलाफ होने वाले आंदोलन पर रहा।इस बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कॉम धीरज द्विवेदी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सबसे पहले सदस्यता करना बेहद जरूरी है।इसलिए हम सबको कम से कम 10 हजार सदस्यता लक्ष्य को 3 नबम्बर तक पूरा करना है।इसी के साथ इकाई का गठन करके उसका सम्मेलन कराना होगा। इस मौके पर उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी साथियों को पूरी ताकत के साथ सदस्यता व इकाई गठन के लिए लग जाना होगा। इसी कड़ी में इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव कॉम शेरबहादुर शेर ने कहा कि आज पूरे देश मे युवाओं के सामने रोजगार का बड़ा संकट है।चारो तरफ हाहाकार मचा है।पूरे देश मे महिलाओं पर हिंसा बढ़ रही है।लूट जारी है आम जनता परेशान है।सरकारी वादे व दावे बहुत तेजी से कर रही है लेकिन



जमीन पर कुछ नही दिखाई दे रहा है।इस लिए इस जनविरोधी सरकार के खिलाफ युवाओं को एकजुट होकर''कहाँ है मेरा रोजगार''की मांग को लेकर संगठन के राष्ट्रीय आवाहन पर 15 सितम्बर को जिले पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति महोदय को मांग पत्र सौपेगा।इस बैठक में कॉम राम सुरेश निषाद,कॉम अर्जुन यादव,बालकिशन यादव,कॉम विनोद सिंह,कॉम शिवधर द्विवेदी,कॉम रामरती,कॉम महावीर पाल,जिला प्रभारी कॉम विश्वजीत सिंह राजू,कॉम शोएब,कॉम आलोक पाठक मौजूद रहे।

# खेलों से ही होता है व्यक्तित्व का चहुंमुखी विकास – वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या के प्रतिष्ठित अवध विद्या विहार स्कूल में मेजर ध्यानचंद के जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस मौके पर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अयोध्या नगर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपध प्रज्ज्वलित कर किया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि विकास सिंह आईजी रेंज अयोध्या आफिस में तैनात समाजसेवी उप निरीक्षक रंजीत यादव विद्यालय के प्रबंधक पुलह प्रशस्त ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं मैं प्रतिभाग करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।इस मौके पर आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार की तरफ से बैच लगाकर एवं अंग वस्त्र पहना कर किया गया। वही इसी कड़ी में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं 50 मीटर की दौड़, फ्रॉग रेस , स्पून बैलेंस रेस 100 मीटर की रेस प्रॉब्लम सॉल्विंग , टग आफ वार आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया।यहां आए हुए समस्त अतिथियों ने छोटे–छोटे बच्चों का हौसला वर्णन करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चे भविष्य के लिए हैं एवं खेलों के प्रति उनकी भावनाओं को देखते हुए आने वाले समय में विद्यालय पूरे जनपद में एक नया मुकाम हासिल करेगा। वही इसी कड़ी में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के द्वारा विद्यालय के छोटे–छोटे बच्चों के हौसलों को देखकर उन्होंने उनकी सराहना की एवं बच्चों को शारीरिक शिक्षा एवं योग का अभ्यास करने की बात बताई । कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने बच्चों को खेलों के माध्यम से देश विदेश में भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के बारे में बताया और मेजर ध्यान चंद के व्यक्तित्व प्रकाश डाला । समाजसेवी उप निरीक्षक रंजीत यादव सुपर क्रॉप ने बच्चों को पढ़ाई को



लगन लगन के साथ करते हुए एक लक्ष्य बनाकर उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही एवं बच्चों को मोबाइल फोन का कम से कम इस्तेमाल करने की बात बताते बताई विद्यालय के बच्चों की प्रतिभाओं को देखकर उन्होंने कहा कि इसी तरह अगर आप निरंतर प्रयास करेंगे तो एक दिन सफलता अवश्य अर्जित करेंगे । विद्यालय के प्रबंधक पुला प्रशस्त ने कहा कि अवध विद्या विहार में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रबंध तंत्र हमेशा तत्पर रहता है एवं आने वाले समय में विद्यालय विद्यालय के बच्चे देश प्रदेश में अपना नाम रोशन करेंगे।अवध विद्या विहार विद्यालय की तरफ से समय–समय पर जागरूकता अभियान के सहित विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता सामाजिक सेवा एवं अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों का यंत्र आयोजन किया जा रहा है विद्यालय गरीब एवं असहाय बच्चों के लिए उनकी शिक्षा ना बाधित हो पाए निरंतर प्रयास कर रहा है।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने सभी आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अवध विद्या परिवार की तरफ से राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त बच्चों को विद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। मंच का संचालन विद्यालय के बच्चों कृतिका एवं फैज के द्वारा किया गया।खेल प्रतियोगिता में विद्यालय सीसीए कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह सौरभ श्रीवास्तव मनोज कुमार ज्योति सिंह एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग प्रदान किया।

# सूत्र के मुताबिक अयोध्या में बिना फ्री होल्ड कराये नजूल की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करते जा रहे लोग : संबंधित विभाग मौन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्रों के मुताबिक इस समय ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक महत्त्व वाली अयोध्या नगरी में सैकड़ों एकड़ नजूल की सरकारी जमीन पर बिना किसी पट्टे या फ्रीध होल्ड कराये लोग अवैध रूप से कब्जे करते जा रहे हैं। तमाम लोगों ने प्रॉपर्टी डीलर्स के माध्यम से नजूल की जमीनें बेच दीं हैं, जिन पर सैकड़ों मकान बन चुके हैं। जिसके चलते इस समय तमाम सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।इसकी चिंता न तो है नजूल विभाग को है और न ही विकास प्राधिकरण अयोध्या के अधिकारियों को।वैसे तो विकास प्राधिकरण अयोध्या मानचित्र स्वीकृत करने में नजूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेता है,नजूल विभाग भ्रष्टाचार के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र दे भी देता है। जिसमें मुंह मांगी रकम नहीं मिलती उन मानचित्रों को स्वीकृत करने में नजूल विभाग विभिन्न प्रकार की बाधाएं डालता है। इस समय अयोध्या नगरी के बेगमपुरा ,टेढ़ी बाजार, रानोपाली ,कजियाना, कटरा, ऋणमोचनघाट, रामकोट सहित अन्य क्षेत्रों में अभी भी सैकड़ों एकड़ नजूल की जमीन खाली पड़ी है, जिस पर धीरे–धीरे लोग कब्जा करते हुए जा रहे हैं लेकिन नजूल विभाग कुंभकरण की नींद में सो रहा है।सूत्र के मुताबिक इस समय नजूल विभाग का प्रभार अपरध जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के पास है वह भी इन शिकायतों को अनसुना कर देते हैं।अगर देखा जाए तो जानकारो के मुताबिक जिला प्रशासन को चाहिए कि अयोध्या की नजूल की जमीन पर से अवैध अतिक्रमण हटाकर अपने कब्जे में ले और जनहितकारी योजनाओं को लागू करने के लिए उस जमीन में सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक सुलभ शौचालय, मोहल्ला क्लीनिक, विवाह मंडप तथा विद्यालय जैसी आवश्यक चीजों का निर्माण कराये, जिससे जनता को का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी अयोध्या को नजूल की जमीन पर से अवैध कब्जे हटाने के लिए त्वरित गति से कार्य करना चाहिए और बची हुई जमीन को सरकारी नियंत्रण में लेना चाहिए।

# युवक गंभीर रूप से घायल : हालात बिगड़ने पर हरदोई किया रेफर

रिपोर्ट जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई : पचदेवरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कमालपुर निवासी धर्मेंद्र (35) पुत्र रघुवीर किसी आवश्यक निजी काम से अपनी बाइक से पाली आया था। पाली से काम निपटाने के बाद जब धर्मेंद्र अपने घर कमालपुर बाइक से वापस जा रहा था तभी पाली भरखनी रोड पर भरखनी से पहले नहर की पुलिया के पास कहीं से भागती हुई अचानक एक भैंस रोड पर आ गई जिससे बाइक चला रहा धर्मेंद्र भैंस से टकरा गया। बाइक और भैंस की जोरदार टक्कर होने से धर्मेंद्र बाइक सहित रोड पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने धर्मेंद्र के मोबाइल से डायल नम्बर पर काल करके परिजनों से सम्पर्क साधा। और 108 नम्बर पर कॉल कर दी। घायल की सूचना मिलते ही परिजनों में अफरा तफरी मच गई।घायल धर्मेंद्र के भाई ने तत्काल मौके पर पहुंच कर अपने भाई धर्मेंद्र को राहगीरों की सहायता से आनन फानन



में एम्बुलेंस में लादकर घायल अवस्था में पाली पीएचसी पर ले आया। पाली पीएचसी पर तैनात डॉ सुजीत कुमार ने घायल धर्मेंद्र की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद फौरन बिना देर किये हरदोई रेफर कर दिया।

# उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल का भव्य स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल बस स्टैंड पर एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर पधारे। उनका उ.प्र.उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नलिन गुप्ता डब्लू एवं पदाधिकारियों ने बड़े ही गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। उन्होंने अध्यक्ष नलिन गुप्ता एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता से कुछ समय के लिए अनौपचारिक बातचीत की। श्री अग्रवाल , उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नलिन गुप्ता डब्लू के स्वभाव,कृतित्व–व्यक्तित्व को देख ,बड़े खुश हुए। उन्होंने नलिन से कहा कि आप यूँ ही व्यापारियों के हित मे कार्य करते रहें। आगे उन्होंने कहा कि आप सब व्यापारियों–आम जनता के लिए जिस तरह कार्य कर रहे हैं।उत्साह पूर्वक करते रहें।यदि कोई अवरोध उत्पन्न होता है ,तो हम आपके साथ हैं। पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल का स्वागत करने वालों में चित्रगुप्त सेवाधाम ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव,भाजपा नेता गोपाल त्रिपाठी, भाजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह,भूरे त्रिवेदी, गणेश अरोड़ा,शिक्षक शिव प्रसाद



श्रीवास्तव,इमरान खां, ध्रुव तिवारी, संदीप शुक्ला, अश्मित बाथम,अमन बाथम,पंकज सिंह,रक्षपाल सिंह,सुभाष रस्तोगी, डॉक्टर एम एल गुप्ता, हर्ष पांडेय, सच्चिदानंद मिश्र, वेद प्रकाश गुप्ता, ज्ञान चंद्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, पारुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य नीरज समेत बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सम्भ्रांत जन शामिल रहे। अग्रवाल के साथ और भी अतिथि भाजपा के नेता पी के वर्मा,पूर्व पालिका अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला पधारे थे, उनका भी संगठन ने दिल से स्वागत किया।

# स्टेपनी बदल रहे पिकप सवार मुंशी को ट्रक ने कुचला : मौत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की देर रात रुदौली कोतवाली क्षेत्र में पिकप के स्टेपनी को बदल रहे मुंशी को उधर से गुजर रहे ट्रक ने रौंद दिया। सूत्र के मुताबिक इस हादसे में मुंशी की मौत हो गई। हादसा हुआ।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्मट के लिए भिजवाया है।सूत्र के मुताबिक एक पिकप देर शाम पड़ोसी जनपद बाराबंकी के हैदरगढ़ से मुर्गी की खेप लादकर बिहार के बेतिया जा रही थी।तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुदौली कोतवाली क्षेत्र के मख्वापुर गाँव क्षेत्र में पिकप का एक टायर पंचर हो गया। वाहन पर सवार मुंशी 30 वर्षीय अमृत कुमार निवासी बेतिया थाना टाऊन जिला बेतिया, बिहार हाइवे पर पिकप का पंचर टायर बदल रहा था कि इसी दौरान उधर से गुजर रही एक ट्रक ने अमृत कुमार को रौंद दिया और मौके से भाग निकली।पिकप के चालक परमजीत पासवान ने स्थानीय लोगों की मदद से हादसे की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी। देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग परिवहन प्राधिकरण के एंबुलेंस यूपी 83 टी 9336 से ईएमटी राम बक्श वर्मा गंभीर घायल अमृत कुमार को लेकर रात 11 बजे जिला अस्पताल पहुंचा तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसको मृतक घोषित कर दिया और शव को मर्चरी में रखवाने के साथ पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है।

# दीवाल गिरने से घायल बुजुर्ग दंपत्ति से मिल कर रूदौली विधायक ने जाना हालचाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के रूदौली तहसील क्षेत्र के एक गांव में दीवाल गिरने से घायल हुए बुजुर्ग पति पत्नी से विधायक रामचंद्र यादव ने मिलकर उनका हालचाल जाना तथा अपनी तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए तत्काल अधिकारियों को बुजुर्ग पति पत्नी को सरकारी सहायता दिलाने के लिए निर्देशित किया। जानकारी के मुताबिक भेलसर गांव निवासी बुधराम के पिता छविलाल वा माता ममता देवी घर में दीवाल गिरने से उसकी चपेट में आ गए जिससे दोनों बुजुर्ग पति–पत्नी बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए परिजनों द्वारा भेलसर स्थित एडवांस सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव अस्पताल पहुंचे और घटना में घायल बुजुर्ग पति पत्नी से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा अपनी तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए तत्काल तहसील के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से घायल बुजुर्ग पति पत्नी को दैवीय आपदा के तहत सरकारी सहायता दिलाने के निर्देश दिया।

# चार धाम की पैदल यात्रा पर निकले पथिक का हुआ जोरदार स्वागत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राजस्थान के झुंझुनू से चार धाम की पैदल यात्रा के लिए निकले सुभाष नायक जी का हरदोई जिले में भव्य स्वागत किया गया। बारह ज्योतिर्लिंगों चारधाम के लिए पैदल यात्रा पर निकले झुंझुनू राजस्थान के सुभाष नायक केदारनाथ होकर





काशी दर्शन के लिए जा रहे है शाहजहांपुर से होते हुए आज दोपहर 12 बजे उनका आगमन पर हरदोई की पिहानी चुंगी पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने शिव भक्त सुभाष नायक का जोरदार स्वागत कर उन्हें विहिप जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता के रेलवे गंज स्थित आवास पर लाया गया जहां उनकी माता उषा गुप्ता ने स्वागत किया । जानकारी के अनुसार पथिक सुभाष नायक आज रात्रि विश्राम विहिप जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता के यहाँ करेगे ,कल सुबह 6 बजे अपनी यात्रा की पुनः शुरूआत करेंगे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।